

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**बड़े हीरो के साथ कंफर्टेबल नहीं थी ईशा कोप्पिकर**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 94 ■ सोमवार, 24 जून 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## अंबरनाथ मुख्याधिकारी के वालधुनी नदी बयान को लेकर दायमा ने दिया नारा

# ‘रसाल हटाओ वालधुनी बचाओ’



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के मुख्य अधिकारी डॉ. रसाल ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया है कि वालधुनी नदी प्रवाह नहीं है. ऐसा लिखित पत्र और बयान देने से पर्यावरण वादियों में रोष देखा जा रहा है.

इस संबंध में शशिकांत दायमा ने नाराजी जताते हुए कहा है कि सालों से चल रहे प्रयासों को और एनजीटी से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक चल रही लंबी लड़ाई को ही रसाल ने गलत साबित कर दिया है. मुख्य अधिकारी डॉ. रसाल ने अंबरनाथ नपा के माध्यम से गत वर्ष 100 दिन का वालधुनी नदी स्वच्छता एवं संवर्धन अभियान चलाया था. वालधुनी नदी संवर्धन समिति द्वारा सदस्यों ने उनके इस कार्य को सराहा था किंतु दो वर्षों से वालधुनी नदी में और किनारे पर चल रहे अवैध निर्माण और प्रदूषण को लेकर उनके द्वारा नजरंदाजी की जा रही है.

दायमा का आरोप है कि अंबरनाथ शिवमंदिर पात्र में कंक्रीटीकरण करके पाइप द्वारा नदी को आगे की ओर ले जाने का प्रयास किया गया है और शिव मंदिर पात्र में किनारे पर बड़े पैमाने पर हो रहे निर्माण कार्य को रोकने में मुख्य अधिकारी असफल रहे हैं. उलट उन्होंने बयान दिया है और पत्र भी दिया है कि वालधुनी नदी प्रवाह नहीं है. इसलिए दायमा ने रसाल हटाओ का नारा देते हुए कहा है कि रसाल हटाओ वालधुनी नदी बचाओ, पर्यावरण बचाओ और अंबरनाथ बचाओ. उन्होंने मुख्य अधिकारी से मांग की है कि वालधुनी नदी पात्र किनारे पर चल रहे अवैध निर्माण रिटेनिंग वॉल को लेकर वह जल्द से जल्द कार्रवाई करें.

## क्राइम डायरी...

### डॉक्टर और उनके भाई की पिटाई

**उल्हासनगर.** सड़क पर ठीक से स्कूटर चलाने को कहने पर गुस्साए एक गिरोह ने एक डॉक्टर और उसके भाई की पिटाई कर दी. इस मामले में हिललाइन पुलिस स्टेशन में 10 से 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है.

डॉ. सागर ज्योतिराम दुतोंडे अपने भाई अजय के साथ रात करीब 11 बजे उल्हासनगर से अंबरनाथ जा रहे थे। उस समय दो युवक सड़क पर स्कूटर से रैश ड्राइविंग कर रहे थे। डॉ. सागर दुतोंडे ने उन्हें ड्राइविंग को लेकर हड़काया. इस पर युवक गुस्से में आ गया और डॉक्टर के वाहन के सामने गाड़ी आड़ी कर गाली-गलौज करने लगा। उसने अपने दोस्तों को भी बुला लिया. कुछ ही देर में 10 से 15 लोगों का गिरोह आया और डॉक्टर समेत उसके भाई को लकड़ी, बैट और पत्थर से पीटकर घायल कर दिया.

# उल्हास नदी को दूषित कर रही जींस वॉश फैक्ट्रियां

■ नागरिकों का स्वास्थ्य ख़तरे में

■ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नोटिस को कोई तवज्जो नहीं देते फैक्ट्री मालिक



**बदलापुर.** उल्हासनगर में जींस वॉश की सैकड़ों फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं. अब अंबरनाथ तालुका के कुछ गांवों में ये जींस वॉश फैक्ट्रियां शुरू हो गई हैं. इस फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल पानी उल्हास नदी में छोड़ा जा रहा है. इससे यहां के नागरिकों का स्वास्थ्य खतरे में है और जल प्रदूषण बढ़ गया है. फैक्ट्रियों को भेजे गए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नोटिस को फैक्ट्री मालिक कोई तवज्जो नहीं देते हैं.

उल्हासनगर कैंप नंबर पांच में गायकवाड़ पाड़ा, दुर्गापाड़ा, बारकूपाड़ा समेत अन्य जगहों पर सैकड़ों जींस वॉश फैक्ट्रियां चल रही हैं. इन सभी फैक्ट्रियों से भारी मात्रा में केमिकल युक्त पानी नदी में छोड़ा जा रहा था. इससे नदी पूरी तरह प्रदूषित हो गई. नदी का पानी अंबरनाथ, उल्हासनगर होते हुए कल्याण की खाड़ियों में मिलता है. इसलिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इन सभी फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की और करीब पांच सौ जींस वॉश फैक्ट्रियां बंद कर दीं.

इन फैक्ट्रियों के बंद होने के बाद बदलापुर के करावले गांव, ब्राह्मण करावले, मलंग वाडी, काकोले गांव, दापीवली, एरंजड, वाहोली सहित बदलापुर के कुछ इलाकों में ग्रामीणों को 25 हजार से 2 लाख का किराया देकर फैक्ट्रियों फिर से शुरू हो गई. इन फैक्ट्रियों के लिए जरूरी अनुमति नहीं ली गई थी. साथ ही ये फैक्ट्रियां बिना एसटीपी प्लांट लगाए अवैध रूप से शुरू की गई थीं. इन फैक्ट्री से निकलने वाला रासायनिक पानी हेंद्रेपाड़ा दुबे बाग से आने वाले नाले के माध्यम से सीधे उल्हास नदी में जा रहा है. उल्हास नदी पांच नगर पालिकाओं, महानगर पालिका को पानी की आपूर्ति करती है. यह जल आपूर्ति लगभग 50 लाख लोगों के पीने के लिए है. इससे उनके स्वास्थ्य को खतरा पैदा हो गया है.

इस रासायनिक पानी के कारण नदी में बड़ी मात्रा में शैवाल बन गये हैं. महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से इन सभी जींस निर्माताओं को नोटिस दिया गया है. लेकिन फैक्ट्री मालिकों ने इन नोटिसों को रद्दी की टोकरी दिखा दिया और फैक्ट्री का संचालन जारी रखा. महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उपरोक्त सभी ग्राम पंचायतों को इन कारखानों में बिजली कनेक्शन और पानी की आपूर्ति तुरंत बंद करने के लिए नोटिस जारी किया है.

## गोदाम से लाखों का कॉपर चोरी

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस स्टेशन की हद में रहनाल गांव के सदगुरु कंपाउंड स्थित निशी इंडस्ट्रीज प्रा.लि. व निशी इंडस्ट्रीज कंपनी के गाला नंबर 5 का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर 116.17 किलोग्राम वजन का कुल 5 ट्रांसफॉर्मर वायडिंग कॉपर वायर चोरी कर लिया जिसकी बाजार कीमत 1,11,535 रूपये है. गोदाम में काम करने वाले निरंज नारायण राव कुरेकर ने चोरी की शिकायत नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है.पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज किया है.

# उल्हासनगर की खस्ताहाल सड़कें

■ फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी फंस गई





**उल्हासनगर.** सड़क के पुनर्निर्माण और भूमिगत सीवर पाइप बिछाने के लिए खोदी गई सड़क खस्ताहाल हो गई है। गुरुवार को इस सड़क के गड्ढे में फंसी मनपा की फायर ब्रिगेड की गाड़ी को जेसीबी मशीन से निकालना पड़ा, जिससे मनपा की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़े हो गये हैं.

उल्हासनगर में 423 करोड़ के फंड से अंडरग्राउंड सीवर पाइप बिछाने का काम चल रहा है तो वहीं एमएमआरडीए के 150 करोड़ के फंड से 7 मुख्य सड़कों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है. सीवर पाइप बिछाने और सड़क पुनर्निर्माण के लिए कई सड़कें खोदी गईं। मनपा आयुक्त अजीज शेख के खोदी गई सड़कों की मरम्मत के आदेश के बावजूद खोदी गई सड़कों की हालत जस की तस है।

राजनीतिक दल के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता इस खोदी गई सड़क से बरसात के मौसम में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका जता रहे हैं। आरोप है कि मनपा ने इसकी अनदेखी की है. गुरुवार को भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जलजमाव हो गया और शहर के पूर्वी हिस्से में एक पेड़ गिर गया, जिसे मनपा की फायर ब्रिगेड गाड़ी भाटिया चौक से श्मशान घाट होते हुए मुख्यालय की ओर जा रही थी. तभी खुदी हुई सड़क के गड्ढे में फंस गयी. आख़िरकार गाड़ी को गड्ढे से बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन बुलानी पड़ी.

भाटिया चौक से गाउन मार्केट, श्मशानभूमि रोड, गायकवाड़ पाड़ा रोड, डॉल्फिन रोड, पवई चौक से विठ्ठलवाड़ी रोड, कुर्ला कैंप रोड सहित खोदी गई कई आंतरिक सड़कें अभी भी खराब स्थिति में हैं। बरसात के दिनों में इस खोदी गई सड़क के गड्ढे में पानी जमा होने से कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन है? इस मौके पर बड़ी दुर्घटना होने से पहले खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की गई।

### सड़क मरम्मत के आदेश

423 करोड़ की भूमिगत सीवरेज योजना, 126 करोड़ की जलापूर्ति योजना, 150 करोड़ के एमएमआरडीए फंड से मुख्य 7 सड़कों का पुनर्निर्माण, 145 करोड़ के सरकार के बुनियादी सुविधा फंड में विभिन्न कार्य शहर में चल रहे हैं। काम पूरा करने के लिए सड़कें खोदनी पड़ीं। हालांकि खोदी गई सड़क की मरम्मत कराई जा रही है।

## ठाणे में कारोबारी से 20 लाख की ठगी


**ठाणे.** ठाणे में बुजुर्ग कारोबारी से 20 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पुलिस ने 69 साल के व्यवसायी से गेम जोन में बच्चों के लिए मशीनों की आपूर्ति के नाम पर 20 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

व्यवसायी वीरधवल घाग द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने गुरुवार को एक फर्म चलाने वाले आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 और 406 के तहत मामला दर्ज किया.

नौपाड़ा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा, 'शिकायतकर्ता ने बच्चों के खेल क्षेत्र के लिए 22 लाख रुपये की कुछ मशीनों का ऑर्डर दिया था लेकिन आरोपी द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री पुरानी थी और उनसे पैसे नई मशीनों के वसूल लिए गए थे.

# अंबरनाथ केबी सड़क पर लगाए गए डिजिटल विज्ञापन को हटाने की मांग

■ दुर्घटना होने की आशंका



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के मुख्य महामार्ग केबी सड़क पर शास्त्री हिंदी विद्यालय चौक के बीच में अपने विज्ञापन के लिए एक निजी बिल्डर ने एक बड़ा डिजिटल ज्यादा रोशनी वाला फलक लगाया है. रात के समय वाहन चालकों की नजर इस पर पड़ रही है, जिसके कारण इस बोर्ड की वजह से एक बड़ी दुर्घटना यहां पर हो सकती है. नपा प्रशासन से इस बोर्ड को चौक से तुरंत हटाए जाने की मांग वाहन चालक कर रहे हैं. नगर परिषद के एक उप अभियंता ने केवल 24 हजार रुपए महीने पर यह फलक लगाने की अनुमति दी है. इस बारिश में घाटकोपर होर्डिंग जैसा हादसा भी हो सकता है

विदित हो कि सड़क बांधकाम विभाग उल्हासनगर की देखरेख में है. फिर नगर परिषद में बिल्डर को भरे चौक पर ऐसा फलक लगाने की अनुमति कैसे दी है. शहर में यह पहला डिजिटल विज्ञापन का फलक लगाया गया है, जिसके लाइट का कनेक्शन लेने के लिए बिल्डर ने केबी सड़क के बीच में तोड़फोड़ भी की है. जिसके कारण इस सीमेंट सड़क पर गड्ढा भी हो गया है, जो वाहन चालकों के लिए सर दर्द बना हुआ है. इस बिल्डर ने वूलन चाल जाने वाली सड़क के आसपास गटर के ऊपर कई मीटर तक टाइल्स डालकर सड़क के पास छोटे पोल लगाकर विज्ञापन के फलक लगाए हैं. मदन सिंह मनवीर सिंह के पुतले के आसपास सजावट करके अपना विज्ञापन भी लगाया है. चौक पर लगाए गए डिजिटल फलक को तुरंत हटाने की मांग की जा रही है.

# अंबरनाथ पूर्व के निवासियों ने महावितरण अधीक्षक अभियंता का किया घेराव

■ विद्युत की समस्या से लोग परेशान

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में विविध कार्यक्रमों का बहाना बताकर महावितरण द्वार बार-बार विद्युत को कई घंटे तक बंद रखने को लेकर मनसे शहराध्यक्ष कुणाल भोईर एवं डॉक्टर संगठन की ओर से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गौतम जठाले के नेतृत्व में महावितरण कार्यालय पर मोर्चा निकाल कर महावितरण के अभियंता अभियन्ता से भेंट करके उपस्थितों ने खरा खरा सुना कर उनसे जवाब तलब किया और उन्हें एक निवेदन पत्र देकर 3 महीने के अंदर सुधार लाने के लिए अल्टीमेटम दिया है. अधीक्षक अभियंता दिलीप भोले ने वादा किया है कि वह 3 महीने के भीतर नागरिकों को विद्युत सेवा अच्छी तरह से तरीके से बहाल करेंगे।

उस समय शहर पूर्व के अभियंता भी उपस्थित थे. शहर पूर्व के कानसई विभाग, साई सेक्शन परिसर में बार-बार विद्युत बंद होने से निवासी बहुत ही रोष में थे. इस परिसर में डॉ. जठाले का व अन्य डॉक्टरों का अस्पताल भी है. अस्पताल के आईसीयू पर परिणाम होने से मरीज़ों की जान पर बन आती है. ऐसा डॉ. जठाले ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया.

व्यापारी संघ के सचिव एवं पत्रकार यूसुफ शेख ने भी भोले को बताया कि शहर के व्यापारी प्रीपेड लाइट मीटर लगाने के विरोध में हैं. प्रीपेड मीटर का हम जमकर विरोध करेंगे.

मोर्चे में कुणाल भोईर, डॉ. जठाले, अपर्णा भोईर के साथ विलास कुलकर्णी, विजय इंगले, उज्जवला सातदिवे, कीर्ति प्रधान, प्रीति मुदलियार और परिसर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

# अंबरनाथ विधानसभा शिवसेना के उम्मीदवार जावीर होंगे?

■ सोशल मीडिया पर खबर का गश्त

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव अक्टूबर 2024 में होने जा रहे हैं। अंबरनाथ विधानसभा से क्या चौथी बार विधायक डॉक्टर बालाजी किणीकर ही शिवसेना शिंदे के उम्मीदवार होंगे, शहर में यह चर्चा का विषय है. अंबरनाथ में गत कई महीने से शहर वासी अपने आंखों से देख रहे हैं कि शिवसेना शिंदे गुट में डॉक्टर बालाजी किणीकर एवं शहर प्रमुख अरविंद वाले कर का अलग-अलग ग्रुप शिवसेना पक्ष के लिए निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है. अब दो दिनों से सोशल मीडिया पर यह खबर गश्त कर रही है कि वालेकर के कट्टर समर्थक युवा सेवा के कल्याण



लोकसभा समन्वयक और 5 वर्षों तक युवा सेवा सेवा अध्यक्ष रह चुके स्वप्निल जावीर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से भेंट की है और वह अंबरनाथ विधानसभा के सन 2024 के उम्मीदवार हो सकते हैं. इस संबंध में हमने स्वप्निल जावीर से फोन पर बात की तो उन्होंने हमें बताया है कि यह सही है कि उन्होंने मुख्यमंत्री से भेंट की है लेकिन उम्मीदवारी के सिलसिले में उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार किया. जावीर वालेकर के कट्टर समर्थक हैं.

आपको याद होगा कि सन 2019 के विधानसभा चुनाव में भी यह बात जोरों पर उठी थी कि शिवसेना के एड. संदीप भराडे अंबरनाथ विधानसभा के इच्छुक उम्मीदवार हैं और अब सोशल मीडिया पर यह गश्त कर रहा है कि अमरनाथ शिवसेना से विधानसभा के लिए स्वप्निल जावीर उम्मीदवार होंगे.

# कल्याण में सॉफ्टवेयर इंजीनियर से 40 लाख की ठगी

**कल्याण.** कल्याण पूर्व में 25 वर्षीय एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के कथित तौर पर “ऑनलाइन धोखाधड़ी” का शिकार होने और उसमें लगभग 40 लाख रुपये गंवाने का मामला सामने आया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि कल्याण पूर्व क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति के साथ 6 जून से 16 जून के बीच धोखाधड़ी की गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि दो लोगों ने उससे संपर्क कर अंशकालिक नौकरी की पेशकश की, जिसमें होटलों और रेस्तरां की ऑनलाइन रेटिंग देना शामिल थी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसे शुरू में इन “कार्यों” के लिए कुछ पैसे दिए गए थे, लेकिन बाद में उसे ऐसी योजनाओं में निवेश करने के लिए राजी कर लिया गया, जिनमें “अधिक” लाभ का वादा किया गया था। पुलिस अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए बताया कि कुल मिलाकर उसने दस दिनों में 40.4 लाख रुपये गंवा दिए। जब बार-बार संपर्क करने के बावजूद उसे अपने निवेश पर कोई लाभ नहीं मिला, तो उसे एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है।


सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शिकायत के आधार पर कोलसेवाड़ी पुलिस ने अविका मिश्रा नामक एक



महिला समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि कथित घोटालेबाजों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# कल्याण में सड़क पर मिले सैकड़ों वोटिंग कार्ड

■ फर्जी होने का संदेह, मामला दर्ज



**कल्याण.** कल्याण के पिसवली गांव में बोरा भरकर वोटिंग कार्ड मिलने से हड़कंप मच गया है. बोरे में मौजूद पहचान पत्र कल्याण पूर्व के हैं। चुनाव के दौरान यहां के नागरिक अपने मूल राज्य चले गये. इसलिए यहां के नागरिकों को आशंका है कि फर्जी वोटिंग कार्ड तैयार कर चुनाव में इस्तेमाल किया गया है. दूसरी ओर, लोकसभा चुनाव में पराजित उम्मीदवार वैशाली दरेकर ने पदाधिकारियों के साथ मानपाड़ा पुलिस स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने शंका जाहिर करते हुए मांग की है कि लोकसभा चुनाव दोबारा कराए जाएं. इससे राजनीति गरमा गई है. कल्याण ग्रामीण विधानसभा मतदारसंघाचे मतदार नोंदणी अधिकारी विश्वास गुजर ने कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्रमांक 19 नेतिवली के मतदान केंद्रस्तरीय अधिकारी (BLO), उपायुक्त सामान्य प्रशासन कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, प्रशासन अधिकारी, शिक्षणाधिकारी शिक्षण विभाग ठाणे, सहाय्यक आयुक्त दिवा प्रभाग ठाणे मनपा, संबंधित मतदान केंद्रस्तरीय अधिकारी के खिलाफ नोटीस जारी की है.

### क्या है मामला........

■ दो दिन पहले कल्याण-शिलफाटा रोड पर टाटा पावर नाका के पिसवली गांव की सीमा में एक बोरे में पैक सैकड़ों मतदाताओं के पहचान पत्र सड़क पर फेंके हुए मिले थे. यह बात सामने आई है कि ज्यादातर मतदाता पहचान पत्र कल्याण पूर्व के नेतिवली, पिसावली, चक्कीनाका इलाके के निवासियों के हैं। मानपाडा पुलिस ने इन पहचान पत्रों को अपने कब्जे में ले लिया और इन मतदाता पहचान पत्रों की प्रामाणिकता की जांच की, जिन्होंने इन पहचान पत्रों को लाकर सड़क पर फेंक दिया था। दिशा ने इस बात की जांच शुरू कर दी है कि क्या इन वोटर आईडी कार्ड का इस्तेमाल हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में किया गया था.

■ कल्याण लोकसभा के पिसवली गांव में बोरी में भरकर वोटिंग कार्ड मिला. इस मामले में कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मतदाता पंजीकरण अधिकारी विश्वास गुजर ने मानपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 188, 379, 427 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123, 134 और 136 (1) के तहत मामला दर्ज किया है।

# अंबरनाथ में कोर्ट के लिए खुलेगा रास्ता

## एमआईडीसी की पाइपलाइन को अंडरग्राउंड करने का काम शुरू



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तालुका की अदालत की स्थापना का काम अंतिम चरण में है। इस कोर्ट तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं होने के कारण अब एमआईडीसी की पाइपलाइन को अंडरग्राउंड करने का काम शुरू हो गया है. अगले महीने कोर्ट का रास्ता खुल जाएगा.

अंबरनाथ में तालुका न्यायालय के निर्माण का काम पूरा हो चुका है और आंतरिक फर्नीचर का काम शुरू कर दिया गया है। इस न्यायालय के निर्माण के बाद एक बड़ी समस्या थी क्योंकि उस स्थान तक जाने के लिए कोई सड़क नहीं थी। इसी बीच एक प्राइवेट डेवलपर ने अपनी जमीन के बीच से सड़क बनाने के लिए जगह दे दी. इसके अनुसार काम भी शुरू कर दिया गया। यह कार्य प्रगति पर है, वहीं कोर्ट के सामने मुख्य सड़क से सटी पाइप लाइन से सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया गया है.

जिस कोर्ट में पहले कोई सड़क नहीं थी, वहां अब दो सड़कें होंगी। कोर्ट का आंतरिक कामकाज शुरू होने में देरी हो रही है. विधानसभा से पहले अदालत शुरू होने की संभावना है; लेकिन चल रहे काम को देखते हुए इसकी कोई गारंटी नहीं है कि कोर्ट समय पर शुरू होगा.

चिखलोली में 5,400 वर्ग मीटर जमीन पर कोर्ट बनाने का काम चल रहा है. चिखलोली में 6 जजों के लिए 6 कोर्ट रूम बनाए गए हैं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. – महात्मा गौतम बुद्ध

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

### तमिलनाडु में जहरीली शराब का सेवन

किसी त्रासद घटना का सबक यह होना चाहिए कि उसमें हुई हानि को ध्यान में रख कर बाकी जगहों पर भी ऐसे उपाय किए जाएं जिससे वैसी घटनाओं से बचा जा सके। मगर विडंबना यह है कि ज्यादातर घटनाओं को स्थानीय समस्या मान कर दूसरी जगहों पर उसकी अनदेखी कर दी जाती है या फिर उसे महज एक खबर की तरह देखा जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों से अक्सर जहरीली शराब का सेवन करने से लोगों के मरने की खबरें आती रहती हैं। मगर वैसी घटनाओं में कारणों और परिणाम को लेकर एक व्यापक चिंता ठोस शक्ल नहीं लेती। गौरतलब है कि तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देसी शराब पीने की वजह से कम से कम सैंतालीस लोगों की जान चली गई और अन्य तीस लोगों की हालत बेहद गंभीर हो गई।

इस शराब के सेवन से एक सौ पैंसठ लोग बीमार हुए थे, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। यह अवैध तरीके से शराब बना कर लोगों को बेचने वाले की आपराधिक लापरवाही का नतीजा है, लेकिन जिस तमिलनाडु को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहतर स्थिति में माना जाता है, वहां पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे शराब के नाम पर जहर परोसने का गैरकानूनी कारोबार करने वालों को यह सुविधा कैसे मिली कि वे बेधड़क अपना धंधा चला रहे थे और उनके पास भारी संख्या में लोग शराब पीने पहुंचते थे। जाहिर है, इतने सारे लोगों के मारे जाने के बाद अब सरकार और प्रशासन की ओर से एक औपचारिकता पूरी करने के लिए घटना की जांच, गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया गया है। सरकार ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को आर्थिक मदद की भी घोषणा की है। सरकार ने उस इलाके में प्रभावित लोगों की वास्तविक संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना करने की भी बात कही है। यह अपील की गई है कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे जल्द से जल्द जांच कराएं और जरूरी होने पर इलाज कराएं। इसे सरकार की संवेदनशीलता के तौर पर देखा जा सकता है। मगर यह समझना मुश्किल है कि सरकारी तंत्र की इस तरह की सक्रियता किसी त्रासद घटना के सामने आने और उसके तूल पकड़ लेने के बाद ही क्यों दिखाई देती है!

# भारत के सामने 'करीबी मित्र' बांग्लादेश से पास रखना चुनौती

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना पंद्रह दिनों के भीतर दूसरी बार भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी दोनों देशों के बीच रिश्ते और मजबूत करना चाहते हैं। पर यह इस पर भी निर्भर करता है कि भारत बांग्लादेश को क्या दे सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और हसीना, दोनों दक्षिण एशियाई क्षेत्र की जटिल राजनीतिक व भू-राजनीतिक गतिशीलता से वाकिफ हैं, जिसमें क्वाड चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने की कोशिश कर रहा है। अनुमान लगाया जा सकता है कि चीन को अलग-थलग करने के लिए भारत ऐसे प्रस्ताव देगा, जिन्हें वह आसानी से मना नहीं कर पाएंगी। इससे हसीना को अगले महीने चीनियों से बातचीत में भी कुछ लाभ मिलेगा।


शेख हसीना ने चीन के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास स्थगित कर दिया है। भारत रक्षा पर 50 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन का शीघ्र कार्यान्वयन चाहता है। हसीना ने तीस्ता नदी के विकास में वित्त पोषण और भागीदारी के चीन के प्रस्ताव को भी टाल दिया। समझौते के अनुसार, इसके पानी के समान बंटवारे की बांग्लादेश की पुरानी मांग है। लेकिन भारत इसे पूरा करने में असमर्थ रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल इससे सहमत नहीं है। इस बार भी समझौते की संभावना नहीं दिखती है। वर्ष 2026 में गंगा जल संधि खत्म हो जाएगी, जिसे परस्पर संतुष्टि के लिए फिर से नवीनीकृत किया जाना चाहिए। यदि भारत इसमें चूक जाता है, तो चीन को बांग्लादेश को अपने पाले में लाने की कोशिश करने का मौका मिल



जाएगा। इसलिए भारत को अपने 'सबसे करीबी' और 'मित्रवत' पड़ोसी की आकांक्षाओं को पूरा करना चाहिए। भारत और बांग्लादेश, दोनों के पास दीर्घकालिक दृष्टिकोण हैं, जिसे पूरा करने के लिए सहयोग की जरूरत है। भारत 2047 तक 'विकसित' राष्ट्र बनना चाहता है और बांग्लादेश, 'स्मार्ट' राष्ट्र। आर्थिक विकास व सामाजिक सामंजस्य दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण हैं। मनुष्यों (कथित अपराधियों समेत), मवेशियों, हथियारों और नशीले पदार्थों की सीमा पार अवैध आवाजाही पर अंकुश लगाया जाना चाहिए।

बांग्लादेश को भारत से ऋण की उम्मीद है। इसके लिए वह चीन से भी संपर्क करेगा। हालांकि हसीना की इस यात्रा के दौरान किसी नए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर की संभावना नहीं है, पर ऐसी घोषणा संयुक्त विज्ञप्ति में की जा सकती है। भारत परस्पर लाभ के लिए निवेश और व्यापार को बढ़ावा देने हेतु व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते का तेजी से क्रियान्वयन चाहता है।

वर्ष 2010 से भारत ने बांग्लादेश को 7.36 अरब डॉलर का ऋण देने का वादा किया है। बांग्लादेश इस साल अप्रैल तक केवल 1.73 अरब डॉलर या वादे का 23 प्रतिशत ही उपयोग कर पाया है। मौजूदा भारतीय क्रेडिट लाइन की शर्तें बहुत सख्त हैं। जैसे, हर परियोजना के लिए लगभग 65-75 प्रतिशत सामान या सेवाएं भारत से खरीदी जानी चाहिए, जिससे परियोजना के कार्यान्वयन में देरी हो रही है। हसीना ने सोनादिया बंदरगाह को विकसित करने के चीनी प्रस्ताव पर कहा कि उसे उम्मीद है कि भारत इसकी भरपाई करेगा। भारत एक नई द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी बढ़ाने के लिए उत्सुक है, और मोंगला समुद्री बंदरगाह में व्यापक भूमिका निभाना रहा है। हिंद-प्रशांत तक विस्तारित एक नया समुद्री मार्ग भी एजेंडे में है। इसके अतिरिक्त, भारत का लक्ष्य समुद्री सहयोग को बढ़ाते हुए हिंद महासागर क्षेत्र में 'सागर' परियोजना का विस्तार करना है। बांग्लादेश का लक्ष्य भूटान से अधिक जलविद्युत आयात करना है, जिसके लिए भारत की सहमति की आवश्यकता है। उम्मीद है कि भारत भूटान से बांग्लादेश तक बिजली पहुंचाने के लिए अपने क्षेत्र के इस्तेमाल पर सहमत हो सकता है। दोनों देशों के बीच सार्वजनिक परिवहन के लिए फेनी मोइत्री (मैत्री) पुल का जल्द उद्घाटन करने और रामपाल मोइत्री बिजली संयंत्र की दूसरी इकाई खोलने के लिए चर्चा चल रही है। द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों परियोजनाओं को प्रतीकात्मक रूप से खोले जाने की उम्मीद है। दक्षिण त्रिपुरा जिले में भारत-बांग्लादेश को जोड़ने वाले मैत्री सेतु के माध्यम से यात्री आवागमन इस साल सितंबर तक शुरू होने वाला है।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु का आत्मा के लिए प्रेम अनंत है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# विरासत की गरिमा और योग का उपहार

हमारे देश में वैसी उपलब्धियों और धरोहरों की एक लंबी श्रृंखला है, जिनकी वजह से दुनिया भर में भारतीयता को एक सम्मान की नजर से देखा जाता है। मगर हाल के वर्षों में योग एक ऐसे पहलू के रूप में उभरा है, जिसे न केवल भारत में एक नया आयाम मिला है, बल्कि इसे विश्व भर में लोगों ने बेहद रुचि के साथ देखा, सीखा और अपनाया। सच यह है कि एक ऐतिहासिक धरोहर और नायाब तोहफे के रूप में योग के सहारे स्वास्थ्य का कायाकल्प करने के लिए एक दृष्टि देने के लिहाज से भारत को दुनिया भर में नेतृत्व करने का मौका मिला है।

यह बेवजह नहीं है कि आज भारत सहित दुनिया के कई देशों, बड़े-बड़े संस्थानों और विश्वविद्यालयों तक में व्यापक पैमाने पर लोगों के बीच योगासन बेहद लोकप्रिय हुआ है और इसके प्रत्यक्ष लाभ भी देखे जा रहे हैं। इसलिए योग और इसके दर्शन के महत्त्व को समझा जा सकता है। मगर दूसरे पहलू से देखें तो यह अफसोस की बात है कि 'योग दिवस' के रूप में इसे वर्ष में सिर्फ एक दिन के उत्सव की तरह देखा जाने लगा है। जबकि रोजमर्रा के जीवन में नियमित अभ्यास के रूप में ही इसकी अहमियत आंकी जा सकती है।

दरअसल, वैश्विक स्तर पर योग की लोकप्रियता के समांतर यह भी देखा जा रहा है कि एक ओर बहुत सारे देशों में लोग इसके प्रति आकर्षित हो रहे हैं और इसकी उपयोगिता के लिहाज से इसे अपना रहे हैं, तो दूसरी ओर अपने देश में कई बार इसे एक मौके को भुनाने के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाने लगा है। इसका एक नकारात्मक पहलू इस रूप में सामने आया है कि दिनचर्या के हिस्से के रूप में उपयोगी माने जाने वाले योग को मुख्यधारा के प्रचार माध्यमों में अब 'योग-दिवस' में केंद्रित करके देखा जाने लगा है। इस मौके पर खासतौर पर टीवी चैनलों पर जिस तरह के कार्यक्रम पेश किए जाने लगते हैं, प्रस्तुतियों में जैसी हरकतें दिखती हैं, एक विचित्र चकाचौंध दिखता है, उससे योग जैसे गंभीर और महत्त्वपूर्ण विषय की गरिमा कम होती है।



करीब दस वर्ष पहले भारत ने संयुक्त राष्ट्र में जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का एक प्रस्ताव रखा था, तब उसे बहुत सारे देशों का समर्थन मिला और उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने इसे मंजूरी दी थी। आज समूची दुनिया भारत के इस मंत्र को मान रही है कि स्वस्थ रहने के लिए योग से बेहतर कुछ नहीं। भारत सहित विश्व भर में जहां भी यह लोकप्रिय हुआ, वहां लोगों ने इसके महत्त्व को समझते हुए स्वतः स्फूर्त तरीके से इसे अपनाया। योग के मूल दर्शन और इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसे इसी रूप में प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि लोग अपने भीतर की प्रेरणा से इसे अपनाएं। मगर विडंबना यह है कि विश्व के अनेक देशों में जहां योग को स्वस्थ रहने के लिए एक तोहफे के तौर पर देखा जा रहा है, वहां हमारे देश में इसे अपने-अपने विज्ञापन और प्रचार का जरिया भी बनाया जा रहा है।

टीवी चैनलों पर योग के नाम पर पेश किए कार्यक्रमों का मकसद टीआरपी हासिल करना रह गया लगता है, जो शर्मनाक और चिंता का विषय है। इतिहासबोध के साथ देखें तो एक नायाब विरासत के रूप में योग की जो गरिमा रही है, उसके मद्देनजर इसे अपने प्रचार का जरिया बनने से बचाना होगा। मानव स्वास्थ्य के लिए योग का महत्त्व इसकी सादगी में रहा है और इसकी उपयोगिता को इसी रूप में स्थापित होना चाहिए।

# सिर पर 2 सिलेंडर रख डांस करने लगी महिला

सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए आजकल लोग क्या-क्या नहीं करते. आपने बहुत से लोगों को नाचते हुए

**जरा हट के**

देखा होगा. पर क्या आपने कभी किसी को सिर पर सिलेंडर रखकर डांस करते देखा है? इन दिनों एक वीडियो वायरल (Woman balance two cylinder on head) हो रहा है, जिसमें एक महिला अपने सिर पर एक नहीं, दो-दो सिलेंडर और उसके ऊपर एक मटका रखकर डांस करती नजर आ रही है. ये नजारा देखकर लोगों के होश उड़ गए और वो वीडियो पर तरह-तरह के रिएक्शन देने लगे.

इंस्टाग्राम यूजर नीतू (@_neetu_5650) एक कंटेंट क्रिएटर हैं. वो अक्सर अपने सोशल मीडिया पेज पर सामानों को सिर पर उठाकर उन्हें बैलेंस करते हुए वीडियोज पोस्ट करती हैं. हाल ही में उन्होंने एक वीडियो (Woman dangerous stunt with gas cylinder) पोस्ट किया, जिसमें वो 1 नहीं, बल्कि 2 गैस सिलेंडर को सिर पर उठाकर उसे बैलेंस करते हुए नजर आ रही हैं. उस सिलेंडरों के ऊपर भी एक



मटका है. ये सब नीतू साड़ी पहनकर कर रही हैं. उनका ये करतब दिल दहला देना वाला है, क्योंकि किसी भी दुर्घटना में कोई बड़ा हादसा होने की आशंका है.


सिर पर उठा लिया सिलेंडर वीडियो में आप देख सकते हैं कि वो अपने घर के अंदर हैं. उन्होंने सिर पर गैस सिलेंडर रखे हैं और उसके ऊपर मटका भी रखा है. वो धीमे-धीमे डांस भी करती जा रही हैं. अगर मान भी लें कि सिलेंडर खाली होगा, उसके बावजूद उसका वजन करीब 15 किलो तक होता है. ऐसे में उन्होंने अपने सिर पर लगभग 30 किलो और मटके का वजन उठाया हुआ है. जाहिर है कि पूरा भार उनकी गर्दन पर पड़ रहा होगा, पर वो बड़े आराम से इस करतब को अंजाम देती नजर आ रही हैं.

# फ्रेंच टोस्ट





फ्रेंच टोस्ट का नाम आपने खूब सुना होगा. भारत में इसे पसंद किया जाता है कि बहुत कम ही लोग यह बात जानते हैं कि फ्रेंच टोस्ट फ्रांस रेसिपी फ्रांस से उत्पन्न हुई है और यह वहां का एक लोकप्रिय नाश्ता है.



**सामग्री :**

- 3 अंडे
- 1/4 कप दूध
- 8 ब्रेड स्लाइस
- 2 चम्मच चीनी
- 1/2 छोटा चम्मच नमक

**विधि :**

1. एक कटोरे में अंडे, दूध, चीनी और नमक को एक साथ फेंटें.
2. ब्रेड को अंडे के मिश्रण में 2-3 मिनट के लिए भिगो दें.
3. एक फ्राइंग पैन में तेल गरम करें, ब्रेड को दोनों तरफ से सिकने दें, जब तक कि अंडे और दूध का मिश्रण पूरी तरह से पक न जाए.
4. एक बार जब ब्रेड समान रूप से भूरे रंग की हो जाए, तो फ्रेंच टोस्ट तैयार है!
5. आप इस फ्रेंच टोस्ट को फल, सॉसेज, व्हीप्ड क्रीम आदि के साथ परोस सकते हैं.

### फ्रेंच टोस्ट को गर्म कैसे रखें?

अपने ओवन को 170°F पर पहले से गरम करें और उसमें एक बेकिंग शीट रखें. जब आप एक्स्ट्रा स्लाइस पका रहे हों तो फ्रेंच टोस्ट के पके हुए स्लाइस को गर्म रखने के लिए एक परत में बेकिंग शीट पर ट्रांसफर करें. स्लाइस को एक-दूसरे के ऊपर न रखें, नहीं तो वे गीले हो जाएंगे.

# 10 रुपये खर्च करके घर पर करें हेयर स्पा



गर्मियों के मौसम में धूल भरी आंधी और तेज धूप की वजह से त्वचा के साथ-साथ बाल काफी खराब होने लगते हैं। ज्यादातर लोग त्वचा का ध्यान तो रख लेते हैं लेकिन बालों का ख्याल रखना तो जैसे वो भूल ही जाते है। जबकि इस मौसम में बालों का ध्यान रखना भी काफी जरूरी होती है। वैसे आप चाहें तो पार्लर जाकर भी समय-समय पर हेयर स्पा या फिर अन्य हेयर ट्रीटमेंट ले सकते हैं।

आज के समय में बहुत से लोगों के पास पार्लर जाने का समय नहीं होता, वहीं बहुत से लोग पैसे बचाने के चक्कर में पार्लर नहीं जाते। ऐसे में आप चाहें तो घर पर ही महज 10 रुपये खर्च करके हेयर स्पा कर सकते हैं। घर पर पार्लर जैसा हेयर स्पा करना काफी आसान है। इसके लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी और इसका असर काफी लंबे समय तक रहेगा।

### क्रीम बनाने का सामान

- एलोवेरा
- दही
- केला
- अरंडी का तेल

### विधि

क्रीम बनाने के लिए सबसे पहले दो बड़े चम्मच एलोवेरा जेल को एक ब्लेंडर में डालें। इसके बाद उसमें चार बड़े चम्मच दही और एक पका हुआ केला डालकर ब्लेंड करें। जब इसका स्मूद सा पेस्ट बन जाए तो इसमें थोड़ा सा गुनगुना अरंडी का तेल मिक्स करें। पेस्ट तैयार करने के बाद इसे सूती कपड़े या फिर छन्नी की मदद से अच्छी तरह से छान नें, ताकि इसमें कोई गांठ न बचें। छने हुए पेस्ट को अलग कटोरी में निकाल लें।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इसे लगाने के एक रात पहले बालों में हल्का तेल लगाएं। सुबह उठकर बालों को दो भागों में बांट लें। अब तैयार की गई क्रीम को सिर की सतह से लेकर बालों के छोर तक पर अच्छी तरह से लगाएं। इसके बाद इसे ऐसे ही एक घंटे के लिए छोड़ दें। सबसे आखिर में बालों को शैंपू से धो लें। हफ्ते में एक बार आप इस क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### होते हैं ये फायदे

बता दें कि इस होममेड हेयर स्पा क्रीम में किसी तरह का कोई केमिकल नहीं होता है, जिस वजह से ये बालों को काफी फायदा पहुंचाती है। इससे आपके बाल शाईनी होने के साथ-साथ मजबूत भी बनते हैं। इसके साथ ही इस हेयर क्रीम के इस्तेमाल से आपको स्कैल्प की कई फंगल समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। ऐसे में हर हफ्ते आप भी इस पैक का इस्तेमाल करें और अपने बालों को पोषण दें।

# मलाई से घी निकालने का आसान तरीका



देसी घी तो लगभग हर किचन में होता है। ये केवल स्वाद ही नहीं सेहत के लिए भी जरूरी होता है। हर बाजार से घी खरीदकर लाते हैं क्योंकि घर में घी निकालना मुश्किल और टाइम टेकिंग काम लगता है। तो आज हम बता दे रहे हैं मलाई से सीधे देसी घी निकालने का बिल्कुल आसान सा तरीका। जिसकी मदद से आप बिना किसी खास मेहनत के आसानी से देसी घी घर में ही निकाल लेंगी। तो चलिए जानें कैसे निकालें फ्रेश मलाई के देसी घी।

### सबसे आसान तरीका

- दूध के ऊपर जमा मलाई को किसी बर्तन में स्टोर करते रहें।
- जब ये बर्तन में ज्यादा सी इकट्ठा हो जाए तो इसे फ्रिज से बाहर निकाल लें।
- वैसे तो मलाई पुरानी हो जाने पर इसमे से स्मेल आने लगती है लेकिन घी बने के बाद ये सारी स्मेल गायब हो जाएगी।
- साथ ही बहुत ही टेस्टी ब्राउन कलर का मटैरियल निकलेगा जिसे खाना सब पसंद करेंगे।
- मलाई को फ्रिज से बाहर कर लें और थोड़ा नॉर्मल टेंपरेचर पर आ जाने दें। ध्यान रहे कि मात्र आधे घंटे के अंदर ही इसे कढ़ाही में डाल दें।
- अब मलाई को सीधे किसी कड़ाही या मोटे तली के पैन में पलट दें।
- गैस की फ्लेम को बिल्कुल धीमा कर दें और पांच मिनट के लिए छोड़ दें।
- फिर मलाई को चलाते रहें। थोडी देर में मलाई में झाग बनना शुरू हो जाएगा। इसका मतलब है कि घी बाहर आ रहा है।
- इसे बीच-बीच में चलाते रहें और देखते रहें कि मलाई तली में ना लगे।
- बस थोड़ी देर बाद मलाई से घी बाहर निकल आएगा। इसे ब्राउन होने तक पकाएं। और ठंडा हो जाने दें।
- किसी शीशी में घी को छान लें और नीचे जले वाले हिस्से को नमक या चीनी डालकर खाने में इस्तेमाल कर लें।

## आज का राशिफल

**मेष :** नए कार्य में लाभ मिलेगा। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ :** चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें।

**मिथुन :** विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी।

**कन्या :** कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**तुला :** बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। घर में तनाव रह सकता है।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**मकर :** रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कुंभ :** किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दुःखद समाचार मिल सकता है। नए कार्य में बनेंगे। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी।

**मीन :** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा। रुके कार्य पूरे होंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# 2-3 साल के बच्चे को हो रही कब्ज की समस्या तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



छोटे बच्चे अक्सर दूध पीते हैं अनाज कम खाते हैं। जिसकी वजह से फाइबर की कमी हो जाती है। और स्टूल पास करने में दिक्कत होती है। यहीं समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है तो कब्ज होने लगता है। छोटे दो से तीन, चार साल वाले बच्चे जो फाइबर की कमी से कब्ज से परेशान हो जाते हैं। उन्हें बार-बार डॉक्टर के चक्कर लगवाने की बजाय घर में इन नुस्खों को आजमाकर देखें। ये तरीके बच्चे की कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करेंगे।

### बच्चे को पिलाएं पानी और घी

बच्चे के स्टूल पास होने में दिक्कत हो रही और कब्ज हो गया है तो उसे पानी पिलाएं। बच्चे के पानी पीने का खास ध्यान रखें। साथ ही हल्के गुनगुने पानी में थोड़ा सा घी मिलाकर दें। इससे बच्चे को मलत्याग करना आसान हो जाएगा।

### खीरा खिलाएं

बच्चे को खीरा छिलका सहित छोटे-छोटे टुकड़ों में करके खिलाएं। इससे बच्चों को पानी के साथ फाइबर मिलता है। जो बच्चे को स्टूल पास करने में मदद करेगा।

### रोटी कम खिलाएं

बच्चे को कब्ज रहती है तो उसे रोटी कम दें। जिससे कि बच्चे को कार्ब्स कम मिले, उसके बदले चावल खिलाएं। इससे बच्चे को स्टूल पास करना आसान हो जाएगा।

### अलसी के बीज

छोटे बच्चे को थोड़े से अलसी के बीज पानी में भिगोकर वो पानी पीने के लिए दें। इससे बच्चे की कब्ज में आराम मिलेगा।

## चुटकुले



- वीरू- सुना है कि शादियां आसमान में ही तय हो जाती हैं,
  **जय-** बिल्कुल ठीक, लेकिन यह भी याद रखना कि तूफान और बिजली भी आसमान से ही कड़कती हैं.
- लड़का - पता है, बस में बैठते हुए मैं किसी लड़की को खड़ा नहीं देख सकता..
  लड़की - तो फिर तुम क्या करते हो..?
  लड़का - मैं अपनी आंखें बंद कर लेता हूं..!!!
- **पहला दोस्त** - क्या कर रहे हो भाई?
  दूसरा दोस्त - खा रहा हूं भाई...!
  पहला दोस्त - अकेले-अकेले...?
  दूसरा दोस्त - अबे बीवी से ताने खा रहा हूं, आजा तू भी खा ले...!!!


लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र आज से

## नए सदस्य लेंगे शपथ, स्पीकर का चुनाव, सरकार बहुमत साबित करेगी, PM का भाषण

**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे। वहीं लोकसभा स्पीकर के पद के लिए चुनाव भी होंगे और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। अप्रैल-जून में हुए लोकसभा चुनाव बाद यह पहला लोकसभा सत्र होगा। 18वीं लोकसभा में एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है, जबकि भाजपा के पास 240 सीटें हैं। विपक्षी इंडिया ब्लॉक के पास 234 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के पास 99 सीटें हैं।

प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य सुबह 11 बजे से शपथ लेंगे। पीएम मोदी के शपथ लेने के बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसद एल्फाबेटिकल ऑर्डर में शपथ लेंगे यानी असम के सांसदों का क्रम सबसे पहले आएगा वहीं पश्चिम बंगाल के सांसद सबसे आखिर में शपथ लेंगे। सोमवार को मंत्रिपरिषद समेत 280 नवनिर्वाचित सांसद ही शपथ लेंगे, जबकि अगले दिन (25 जून) 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे।



### प्रोटेम स्पीकर के पद पर विवाद

सत्र के पहले दिन ही बीजेपी नेता और सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने पर विवाद हो सकता है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सदस्य कोडिकुन्निल सुरेश के दावे को नजरअंदाज किया है। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद पहुंचेंगे और सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह लोकसभा के लिए चुने गए सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। राष्ट्रपति ने लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ/प्रतिज्ञान दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टीआर बालू (डीएमके), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (दोनों भाजपा) और सुदीप बंद्योपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है।

लोकसभा स्पीकर के पद के लिए चुनाव 26 जून को होगा और उसके बाद प्रधानमंत्री अपने मंत्रिपरिषद का सदन में परिचय कराएंगे। राष्ट्रपति 27 जून को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे। 28 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस शुरू होगी। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी 2 या 3 जुलाई को बहस का जवाब देंगे।

9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ लेने के साथ ही 18वीं लोकसभा का कामकाज शुरू हो गया। लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। यह 3 जुलाई तक चलेगा। 10 दिन में कुल 8 बैठकें (29-30 जून को छुट्टी) होंगी। सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर भर्तुहरि महताब राष्ट्रपति भवन जाकर शपथ लेंगे। इसके बाद वे सुबह 11 बजे लोकसभा पहुंचेंगे। शुरुआत के दो दिन, यानी 24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा।

इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा-राज्यसभा के जॉइंट सेशन को संबाधित करेंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी बोलेंगे। सत्र के आखिरी दो दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सरकार धन्यवाद प्रस्ताव लाएगी और दोनों सदनों में चर्चा होगी। 10 साल बाद पहली बार पीएम मोदी के सामने मजबूत विपक्ष होगा। पिछले हफ्ते NEET परीक्षा में हुई गड़बड़ी, तीन क्रिमिनल लॉ, लोकसभा चुनाव के बाद शेयर बाजार में हुई गड़बड़ी के आरोपों पर विपक्ष इस बार हंगामा कर सकता है।

## खबरें गांव की...

### पुलिस के टॉर्चर से तंग आकर युवक ने पेड़ से लटककर की आत्महत्या, प्रशासन में हड़कंप

**आगरा.** आगरा में से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर फांसी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। ये घटना थाना बरहन क्षेत्र के गांव रूपधनू का है। सूचना मिलने पर एसीपी डॉ. सुकन्या शर्मा और बरहन थाना की फोर्स मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों के मुताबिक रूपधनू के रहने वाले संजय सिंह का साला कुछ दिनों पहले हाथरस के सादाबाद से एक नाबालिग युवती को भगा ले गया था। तभी से हाथरस की सादाबाद पुलिस उसे टॉर्चर कर रही थी। 9 जून को सादाबाद पुलिस संजय को घर से लगी और उसकी थाना में जमकर पिटाई की। पुलिस ने 22 जून तक युवती लाने का कहकर उसे छोड़ दिया था। आज सुबह सादाबाद पुलिस के डर से संजय ने खेत मे खड़े एक पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

### 2 बच्चों संग जहर खाकर दी जान

**हमीरपुर.** यहां प्रेमी से धोखा मिलने के बाद एक युवती ने खौफनाक कदम उठा लिया। दरअसल युवती ने दो बच्चों के साथ जहर खाकर आत्महत्या कर ली। ये घटना मुस्करा थाना क्षेत्र के बंडवा गांव का है। जहां 26 साल की मोहिनी ने करीब 10 साल पहले परिवार के मर्जी के खिलाफ प्रेमी के साथ कहीं चली गई थी। इस बीच उनके दो बेटे हुए। करीब तीन साल पहले दोनों में खटपट शुरू हो गई और प्रेमी ने उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद युवती अपनी मां के यहां रहने लगी। नोएडा में मजदूरी करके बच्चों को पालने लगी लेकिन उनकी ठीक से परवरिश न कर पाने से वह टूट चुकी थी। कुछ दिन पहले वह मायके आई थी और शनिवार को नोएडा जाने की बात कहकर दोनों बेटों 5 साल के गौतम और 3 साल के हर्ष के साथ मुस्करा कस्बे में आ गई। मोहिनी शुक्रवार दोपहर को सुनसान इलाके में पहुंची जहां उसने दोनों बच्चों को जहर खिला दिया, इसके बाद खुद भी खा लिया।

### रिटायर महिला अफसर की किराएदार ने कराई थी हत्या, डेढ़ लाख रुपए की दी थी सुपारी

**प्रयागराज.** प्रयागराज के धूमनगंज क्षेत्र की आनंदपुरम कॉलोनी में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त महिला अफसर कुसुमलता श्रीवास्तव की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। जांच में पता चला कि उनके घर के सामने रहने वाले किराएदार ने डेढ़ लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी। भाड़े के हत्यारों को दस हजार रुपये नकद दिए थे। आनंदपुरम कॉलोनी निवासी कुसुमलता श्रीवास्तव की गुरुवार को सिर पर ईंट से प्रहार कर हत्या की गई थी। शाम को लगभग छह बजे नौकरानी खाना बनाने पहुंची तो हत्या की जानकारी हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध नजर आया। पूछताछ में पता चला कि फुटेज में दिख रहा संदिग्ध उमेश कुमार निवासी महेवा, कौशाम्बी है। वह कुसुमलता के घर से कुछ दूर पर किराए पर रहता है और नाई का काम करता है।

### लखनऊ में लगी मौत की शर्त, ट्रैक्टर से स्टंट के चक्कर में युवक ने गवां दी जान

**लखनऊ.** लखनऊ में इटौंजा के अटेसुवा में शाहपुर मैदान में शर्त लगाकर स्टंट करते वक्त ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत हो गई। भरी दोपहर दर्जनों लोगों की मौजूदगी में स्टंटबाजी की पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। इस बीच ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक का शव निकालकर साथी सीतापुर के अटरिया हिम्मतनगर लेकर चले गए। स्टंट से जुड़ा वीडियो सामने आने पर डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने जांच के आदेश दिए हैं।

# गुजरात-बिहार के बाद अब महाराष्ट्र कनेक्शन, हिरासत में लिए गए 2 टीचर

- लातूर के निजी कोचिंग सेंटर्स में पढ़ाते हैं दोनों टीचर




**मुंबई.** नीट पेपर लीक मामले में अब तक बिहार और गुजरात कनेक्शन का जिक्र हो रहा था, क्योंकि दोनों ही राज्यों से कई लोगों को हिरासत में लिया गया है. हालांकि, अब नीट घोटाले में महाराष्ट्र कनेक्शन भी सामने निकलकर आया है. पेपर लीक मामले में नांदेड़ एटीएस ने दो शिक्षकों को महाराष्ट्र के लातूर से हिरासत में लिया है. हिरासत में लिए गए दोनों शिक्षकों में से एक लातूर और दूसरा सोलापुर में काम करने वाला बताया जा रहा है.

दोनों जिला परिषद स्कूलों में शिक्षक हैं. नांदेड़ एटीएस द्वारा दोनों की गहन जांच की जा रही है. नांदेड़ एटीएस की टीम ने लातूर जिले में दो जगह छापेमारी की, जिसके बाद जिला परिषद के दोनों शिक्षकों को हिरासत में लिया है. हिरासत में लिए गए शिक्षकों के नाम संजय तुकाराम जाधव और जलील उमरखां पठान हैं. एटीएस को शक है कि नीट पेपर लीक मामले में दोनों शिक्षक शामिल हैं. नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई भी कर रही है.

दरअसल, लातूर जिले में बड़े पैमाने पर छात्र जेईई और नीट की तैयारी करते हैं. यही वजह है कि जिले में निजी कोचिंग सेंटर्स की भरमार है. इसलिए पुलिस को शक है कि नीट पेपर लीक मामले के तार लातूर तक जुड़े हैं. शक के बिनाह पर दोनों शिक्षकों को शनिवार (22 जून) रात हिरासत में लिया गया और अब उनसे पूछताछ की जा रही है. हिरासत में लिए गए दोनों शिक्षक लातूर में निजी कोचिंग क्लासेज का संचालन करते हैं.

### दिल्ली पुलिस के अलर्ट पर एटीएस ने लिया एक्शन

जानकारी मिली है कि नांदेड़ एटीएस को दिल्ली पुलिस की तरफ से अलर्ट किया गया था. उसके बाद एटीएस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लिया है. अब एटीएस उनसे पेपर लीक को सवाल-जवाब करने वाली है. उनसे बिहार और गुजरात में गिरफ्तार किए गए आरोपियों से संबंधों को लेकर भी पूछताछ की जा सकती है.

# इंदौर में बीजेपी नेता मानू की गोली मारकर हत्या

- कैलाश विजयवर्गीय के थे खास



**इंदौर.** मध्य प्रदेश के इंदौर में बीजेपी नेता मोनू कल्याणे की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मोनू कल्याणे कैलाश विजयवर्गीय के करीबी थे। मामला पुरानी रंजीश का बताया जा रहा है। जानकारी के मुतबिक दो लोग मोनू को गोली मारकर फरार हो गए जिससे उनकी मौत हो गई। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक मोनू कल्याणे को गोली एमजी रोड थाना क्षेत्र के चिमनबाग इलाके में मारी गई। गोली मारने वालों की पहचान पीयूष और अर्जुन के तौर पर हुई है। मोनू कल्याणे को गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत साथी अस्पताल में ले जाया गया जहां ड्क्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना शनिवार रात की बताई जा रही है। मोनू कल्याणे भगवा यात्रा की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान दोनों आरोपी बाइक पर बैठकर वहां आ गए और मोनू से कुछ बात करने लगे।

बताया जा रहा है कि अचानक उनकी बात बहस में बदल गई और बाइक के पीछे बैठे अर्जुन ने पिस्टल निकालकर मोनू पर गोली चला दी। इसके बाद दोनों आरोपी तुरंत वहां से फरार हो गए। फरार होने के दौरान अर्जुन और पीयूष ने मोनू के दोस्तों पर भी गोली चलाई लेकिन वे लोग बच गए।

### कौम थे मोनू कल्याणे?

मोनू कल्याणे भारतीय जनता युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष थे। वह कैलाश विजयवर्गीय के बेहद करीबी माने जाते थे। उन्होंने उनके लिए और गोलू शुक्ला के लिए चुनावों में काम भी किया था। मोनू हर साल भगवा यात्रा निकालते थे। इस बार भी वह इस यात्रा को निकालने की तैयारी करते थे। इसी दोरान आरोपियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जिससे उनकी मौत हो गई। मोनू के परिवार में उनकी पत्नी, दो बच्चे, बड़ा भाई और माता पिता है। घटना के बाद से ही इलाके में तनाव बना हुआ है।

# भतीजे आकाश आनंद के सिर पर हाथ रख मायावती ने दिया आशीर्वाद

- फिर बनाया अपना उत्तराधिकारी




**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश में बसपा प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार की समीक्षा के लिए रविवार को अहम बैठक की। बैठक के दौरान मायावती अपने भतीजे आकाश आनंद के सिर पर हाथ रख आशीर्वाद देती नजर आईं। इसके कुछ देर बाद आकाश आनंद की बसपा में फिर वापसी ऐलान हुआ। मायावती ने आकाश आनंद को फिर अपना उत्तराधिकारी बनाया। आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद दिया है।

दरअसल, भतीजे आकाश आनंद की रिलांचिंग की तैयारी पहले से चल थी। बसपा सुप्रीमो मायावती ने समीक्षा बैठक से पहले ही इसका संकेत दे दिया था। मायावती ने बीते दिन शनिवार को भतीजे आकाश आनंद को पंजाब और उत्तराखंड में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया है। बसपा नेता आकाश आनंद को स्टार प्रचार की लिस्ट में दूसरे स्थान पर जगह मिली है।

आपको बता दें कि बसपा सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी 20 स्टार प्रचारकों की सूची में उन्हें दूसरे नंबर का स्टार प्रचारक बनाया था। स्टार प्रचारक बनाए जाने से चंद महीने पहले मायावती ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। लोकसभा चुनाव में आकाश आनंद की सबसे अधिक सभाएं भी यूपी में लगाई गईं, लेकिन सीतापुर में चुनावी सभा के दौरान उनके द्वारा दिए गए विवादित बयान के बाद उनके खिलाफ एफआईआर होते ही मायावती ने आकाश के सभी कार्यक्रमों पर रोक लगा दी। इतना ही नहीं मई में राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर पद से हटाने के साथ ही अपने उत्तराधिकारी के दायित्व से भी मुक्त कर दिया।

# अंतरिक्ष में फंस गईं सुनीता विलियम्स!

**वॉशिंगटन.** बोइंग स्टारलाइनर के अंतरिक्षयात्रियों ने इस बार जबसे यात्रा का प्लान बनाया है, कुछ ना कुछ दिक्कतें सामने आ रही हैं। दो बार तकनीकी खराबी आने के बाद तीसरी बार में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस सेंटर (ISS) के लिए रवाना किया गया था। अब आईएसएस से वापस आने में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी दिक्कत की वजह से उन्हें धरती पर लौटने में देरी हो रही है। वहीं इंजीनियरों का कहना है कि जल्द ही स्पेसक्राफ्ट की कमी दूर की जाएगी और उन्हें धरती पर वापस लाया जाएगा। बता दें कि स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट से इस बार बुच विलमोर और भारतीय मूल की सुनिता विलियम्स आईएसएस पहुंची थीं। स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट का रिटर्न मॉड्यूल आईएसएस के हार्मोनी मॉड्यूल पर रुका है।

# मुंबई के अटल सेतु में आई दरार का क्या है सच?

**मुंबई.** महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म में कई फोटो शेयर करते हुए दावा किया कि हाल ही में बने अटल सेतु में दरार आ गई हैं। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्र की मोदी सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर नाना पटोले ने सड़कों पर आई दरार की 4 फोटो शेयर करते हुए कहा, 'यह बेहद चिंताजनक है कि जिस अटल सेतु ब्रिज का उद्घाटन सिर्फ 3 महीने पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था, उसमें दरार आ गई है। बड़ी संख्या में दरारें आने से यहां से गुजरने वाले वाहनों में दहशत का माहौल है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा, 'ये मामला बेहद गंभीर है। हमारी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट इस पर तुरंत संज्ञान ले और मामले की जांच कराए।'



इसके साथ ही अटल सेतु में दरार आने के दावे को कांग्रेस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी शेयर किया। कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर सीधे तौर पर आरोप लगाया है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 महीने पहले मुंबई में अटल सेतु का उद्घाटन किया था। इस दौरान खूब प्रचार-प्रसार किया गया और फोटो खिंचाई गईं। अब खबर सामने आ रही है कि 18 हजार करोड़ में बने अटल सेतु में दरार आ गई है। यह साफ तौर से भ्रष्टाचार का मामला है।' इस बड़े आरोप के साथ ही कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सड़क पर आई दरारों की फोटो को एक्स पर शेयर किया है। कांग्रेस के साथ ही अन्य सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग प्लेटफार्म में इस घटना से जुड़े फोटो शेयर कर केंद्र सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं।

### MMRDA ने किया खंडन आरोपों को बताया झूठा

अटल सेतु में आई दरार को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस ने जो आरोप लगाए हैं। उन आरोपों का खंडन मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (**MMRDA**) ने किया है। **MMRDA** की ओर से कहा गया कि अटल सेतु में कोई दरार नहीं आई है। सोशल मीडिया में जो भी खबरें फैलाई जा रही हैं, वह सब फेक हैं। इसके साथ ही मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक (**MTHL**) यानी अटल पुल पर आई दरारों की को इस परियोजना के प्रमुख कैलाश गनात्रा ने पूरी तरह अफवाह बताया है। न्यूज एजेंसी **IANS** ने उनके हवाले से 21 जून को वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में अटल सेतु परियोजना के प्रमुख कैलाश गनात्रा ने कहा, ' हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि दरारें पुल पर नहीं हैं, बल्कि **MTHL** को उल्वे से" मुंबई से जोड़ने वाली सर्विस लेन पर हैं। 20 जून, 2024 को संचालन और रखरखाव टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान सर्विस लेन के किनारों के पास सड़क की सतह पर तीन स्थानों पर छोटी दरारें पाई गई हैं।' साथ ही गनात्रा ने कहा, 'ये छोटी दरारें सर्विस लेन के फुटपाथ के डामर पर हैं। ठेकेदार ने पहले ही मरम्मत का काम पूरा कर दिया है.

# T-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा उलटफेर




- अफगानिस्तान ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया
- 149 रन चेज कर रहे कंगारू ऑलआउट
- गुलबदीन ने 4 विकेट लेकर जीत छीनी

राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा उलटफेर किया। एक बार टी-20 और 6 बार वनडे वर्ल्ड कप जीत चुकी ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान ने सुपर-8 मैच में हरा दिया है। क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया पर अफगानिस्तान की यह पहली जीत है।

वेस्टइंडीज के किंग्सटाउन में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और अफगानिस्तान की टीम को 148 रन पर रोक दिया। लेकिन गुलबदीन नाइब ने 4 विकेट लेकर कंगारुओं से जीत छीन ली। ऑस्ट्रेलिया 127 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस मैच में सबकुछ हुआ। हैट्रिक लगी, रनआउट के चांस छूटे, फील्डर्स ने असंभव से कैच पकड़े। पहली गेंद से आखिरी गेंद तक किसी क्रिकेट फैन की नजर मैच से हटी नहीं। और नतीजे ने सभी को चौंका दिया।

### अफगानिस्तान की जीत का ऑस्ट्रेलिया पर असर

अफगानिस्तान की टीम तो जीत के साथ सेमीफाइनल में बरकरार है, लेकिन इस जीत से अब ऑस्ट्रेलिया की कंडीशंस मुश्किल हो गई हैं। सोमवार को होने वाला भारत और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला अब ऑस्ट्रेलिया के लिए नॉकआउट जैसा हो गया है। मिचेल मार्श की टीम को सेमीफाइनल पहुंचने के लिए अब ये मुकाबला हर हाल में जीतना ही होगा, साथ ही बड़े अंतर से जितना होगा जिससे टीम का नेट रन रेट भी सुधर जाए। टीम अगर यह मैच हारती है तो उसे अफगानिस्तान-बांग्लादेश मैच पर निर्भर रहना होगा

# छत्तीसगढ़ में IED धमाके में CRPF के दो जवान शहीद

**सुकमा.** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में बड़ी घटना सामने आई है। यहां के जगरगुंडा इलाके में लगाए गए आईईडी बम विस्फोट में दो जवानों शहीद हो गए। दोनों सीआरपीएफ कोबरा 201 बटालियन के जवान थे। इस घटना में शहीद हुए दोनों जवान की पहचान की जा चुकी है। एक जवान का नाम विष्णु आर था जो केरला के रहने वाले थे। इस हमले में शहीद हुए दूसरे जवान की पहचान उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले शैलेंद्र के रूप में हुई है।

मामला छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्रा का है। जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत कैम्प सिलगेर से 201 कोबरा वाहिनी के एडवांस पार्टी का मूवमेंट आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और बाइक से कैम्प टेकलगुडेम् की ओर था। कैम्प सिलगेर से टेकलगुड़ेम जाने के रास्ते में नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट किया गया था।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचे दिल्ली के CM अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा उनकी जमानत पर रोक लगाने के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। शराब घोटाले में आरोपी अरविंद केजरीवाल ने जमानत पर रोक लगाए जाने के बाद देश की सबसे बड़ी अदालत में अपनी याचिका लगाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीएम अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने अदालत से गुहार लगाई है कि वो सोमवार को इस मामले में सुनवाई करे। बताया जा रहा है कि इस याचिका में केजरीवाल की तरफ से कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने जिस तरह से उनकी जमानत पर स्टे लगाया है वो कानून के निर्देशों के विपरित है.

## आम सूचना

मैं श्रीमती दीपा विनोदलाल कुकरेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 108, 1ला माला, शिव पार्वती मार्केट, रुम नं. 8,9,10, बैरक नं. 457, सामने चरणदास अपार्टमेंट, नगर न्यूज प्रेस के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय018337700) उक्त प्रॉपर्टी श्री लखी ए. रायसिंघाणी (बिल्डर) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.3.1999 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती दीपा विनोदलाल कुकरेजा

## आम सूचना

मैं श्री विनोद वाशदेव कुकरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 107, 1ला माला, शिव पार्वती मार्केट, रुम नं. 8,9,10, बैरक नं. 457, सामने चरणदास अपार्टमेंट, नगर न्यूज प्रेस के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय018337600) उक्त प्रॉपर्टी श्री वासुदेव जयरामदास कुकरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.1.2024 सी.नं. 37 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री विनोद वाशदेव कुकरेजा

## आम सूचना

मैं श्रीमती दीपा विनोदलाल कुकरेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 109, 1ला माला, शिव पार्वती मार्केट, रुम नं. 8,9,10, बैरक नं. 457, सामने चरणदास अपार्टमेंट, नगर न्यूज प्रेस के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय018337800) उक्त प्रॉपर्टी श्री लखी ए. रायसिंघाणी (बिल्डर) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 22.3.1999 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती दीपा विनोदलाल कुकरेजा

## संक्षेप...

### करंट लगने से मजदूर की मौत.

**भिवंडी.** धामनकर नाका स्थित एक पावरलूम कारखाने में कार्यरत मजदूर को बिजली करंट लगने से मौत हो गई है.भोईवाड़ा पुलिस आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है.

मिली जानकारी के अनुसार धामनकरनाका स्थित तारीख फिरोज शेख के कारखाने में हरिमोहन सिंह नामक मजदूर काम करता था.सुबह के दौरान हरिमोहन बारिश में भीग कर कारखाने में गया और उसने अपना भीगा हुआ हाथ मशीन पर रखा तो बिजली का तेज करंट लग गया.बिजली का तेज करंट लगने से वह नीचे गिर पड़ा.साथी मजदूर उसे लेकर अस्पताल गए जहां डॉक्टरों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया. हरिमोहन बिहार चंपारण का रहने वाला बताया जाता है.

### मटका जुआ अड्डे पर पुलिस का छापा

**भिवंडी.** पुलिस की लाख कोशिशें के बाद भी मटका जुआ के अड्डे पर अंकुश नहीं लग रहा है.तिरुपति हॉस्पिटल के सामने सार्वजनिक जगह पर खुलेआम चल रहे मटका जुआ के अड्डे पर छापा मारकर 2 लोगों को हिरासत में लिया है.पुलिस सिपाही सचिन मोहन तखीक की शिकायत पर दिलीप रामसुरेश मिश्रा और रामानुजन सोमय्या रच्छा के खिलाफ महाराष्ट्र जुआर कायदा कलम 12(अ) के तहत केस दर्ज कर लिया है.

# ठाणे जिले में जगह-जगह योग शिविर का आयोजन

## ठाणे जिलाधिकारी कार्यालय में विश्व योग दिवस

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे।** विश्व योग दिवस पर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से नियोजन भवन में जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों ने किया योग।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विद्यालय की ब्रह्मकुमारी रेखा, ब्रम्हकुमारी सविता ने उपस्थित लोगों को योग का प्रशिक्षण दिया और ब्रह्मकुमारी मिना,ब्रह्मकुमारी बिंदिया,ब्रह्मकुमार नितिन ने योग संयोजन किया।



उपजिलाधिकारी गोपीनाथ ठोंबरे ने कहा कि आज के भाग दौड़ के जिंदगी में शारिरिक व मानसिक तनाव से मुक्त होने के लिए समय निकालकर योग करना चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी दीपक चव्हाण, तहसीलदार संजय भोसले, जनसंपर्क अधिकारी नंदकुमार ब. वाघमारे, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी डॉ. अनिता जवंजाल सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिवशांति प्रतिष्ठान ने किया का आयोजन

**ठाणे.** विश्व योग दिवस के अवसर पर शिवशांती प्रतिष्ठान की ओर से संस्कार योग शिबीर का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यावरण, प्रकृति, योग , स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर उपस्थित हुए लोगों को शिवशांति प्रतिष्ठान संस्थापक अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने मार्गदर्शन किया।उन्होंने कहा कि योग ही जीवन का मूल आधार है। व्यापार , शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार , संस्कृति सभी विषयो पर विकास और सफलता के लिए एकाग्र होना बहुत आवश्यक है। सभी लोगो को अपने कार्य और संबंधों में एकाग्र और एकनिष्ठ, कर्तव्यनिष्ठ, समाजनिष्ठ होने की आवश्यकता है।मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिये योग सबसे बेहतर है। संस्कार ट्रस्ट की सचिव लक्ष्मी मोर्या व शिवशांति के संयोजक गोपाल ठाकुर ने सभी योग के आसनों को सिखाया।इस अवसर पर शिव परिवार प्रमुख पंडित राममिलन शुक्ला, अधिवक्ता शिक्षा संस्कार, आशीष सिंह, प्रशांत दलाई, हर्ष सिंह, रीता यादव, ममता खरवार सहित संस्था के अन्य सदस्य और युवा वर्ग के लोगों ने भाग लिया।



## सिविल अस्पताल में योग शिविर का भव्य कार्यक्रम



**ठाणे.** ठाणे जिला सरकारी अस्पताल में 10 वें विश्व योग दिवस पर भव्य आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार व अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े के मार्गदर्शन में किया गया।निवासी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मृणाली राहुड के अध्यक्षता में योग की शुरुआत अंबिका कुटीर योग संस्था के मिलिंद नारखोड़े व प्रेम तिवारी ने उपस्थित लोगों को योगाभ्यास सिखाया।इस योग के कार्यक्रम में डॉ. श्रीजीत शिंदे, डॉ. शोभना चव्हाण, डॉ. सचिन घोलप, डॉ. अरुण कोली ,डॉ जुबेर,मेट्रन प्रतिभा बाबु,सुश्रुषा अधिकारि श्रद्धा मेस्त्री, विनोद जोशी , रोशन पाटील,नंदकिशोर सोंडे,आयुष अधिकारि व कर्मचारी ,परिचारिका व विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## ढोकाली मिनी स्टेडियम में विश्व योग दिवस



**ठाणे.** शहर स्थित ढोकाली परिसर के शरद पवार मिनी स्टेडियम में संस्कार सेवाभावी संस्था की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथी विधायक संजय केलकर थे।साल 2015 से लगातार योग किया जाता है।इस कार्यक्रम में गुरुकुल विद्यापीठ, ज्ञानपीठ विद्यालय, पतंजली योग समिती के विशेष सहयोग से हुआ।कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।विधायक केलकर ने कहा कि सभी लोगों को स्वास्थ्य के लिए कम से कम आधा घंटा योग करना चाहिए।विधायक केलकर ने आश्वासन दिया कि स्टेडियम रोजाना योग हो इसके लिए प्रयास करूंगा।योग के आयोजक दत्ता घाडगे ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

## जिला परिषद व क्रीड़ा कार्यालय ने मनाया विश्व योग दिवस

**ठाणे।** शहर स्थित कोपरी तहसील क्रीड़ा संकुल में विश्व योग दिवस पर जिला परिषद व युवक सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य पुणे के माध्यम से जिला क्रीडा अधिकारी कार्यालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।पतंजलि योगपीठ की जिला प्रभारी रंजना तिवारी ने योगाभ्यास कराई। जिलाधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने कहा कि योग दिन महत्वपूर्ण दिन है।घुगे ने कहा कि दिन पर दिन लोग तमाम बीमारियों से ग्रस्त है।बीमारी से बचने के लिए योग करना आवश्यक है।साल के 365 दिन योगा करने के लिए सलाह दिया।क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बारटक्के ने पुष्प गुच्छ देकर घुगे का सत्कार किया।भारत स्काऊट गाईड,नेहरू युवा केंद्र, पतंजली योग समिती, बेडेकर विद्यालय, मंगला स्कूल के स्काऊट गाईड के विद्यार्थियों ने योग में भाग लिया।इस अवसर पर उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद काले, मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी वैजनाथ बुरडकर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे,जिला परिषद शिक्षणधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब राक्षे, कृषी विकास अधिकारी रामेश्वर पाचे, लेखाधिकारी 2 रविंद्र सपकाले, उप अभियंता भुजल सर्व्हेक्षण विकास यंत्रणा संजय सुकटे, ठाणे जिला योग संघटन सचिव राजेश पवार सहित अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित थे।



## योग बेहतर स्वास्थ्य की गारंटी -आयुक्त अजय वैद्य

**भिवंडी.** विश्व योग दिवस के अवसर पर भिवंडी मनपा द्वारा कोबड़ पाड़ा स्थित स्व. राजैय्या गाजेंगीं हाल में श्री अंबिका योगाश्रम भिवंडी के सहयोग से योग शिबिर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.मनपा आयुक्त अजय वैद्य,अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके की प्रमुख मौजूदगी में संपन्न हुए योग शिबिर में मनपा प्रभारी उपायुक्त प्रणाली घोंगे,अजय एडके, श्री अंबिका योगाश्रम संस्था भिवंडी संचालक किरण प्रजापती,क्रीडा विभाग व जनसंपर्क विभाग प्रमुख मिलिंद पलसुले, क्रीडा अधिकारी शरद कलावंत सहित मनपा अधिकारी, कर्मचारी,स्वयंसेवी संस्था प्रतिनिधि, क्षेत्रीय गणमान्य लोग भारी संख्या में उपस्थित रहकर बेहतर स्वास्थ्य की खातिर योग किया. मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य,मन की खुशी की खातिर योग प्रतिदिन किया जाना बेहद जरूरी है.

## मनपा आयुक्त का मुस्लिम समाज ने किया सत्कार

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** बकरीद त्योहार के दौरान महानगर पालिका द्वारा की गई सुव्यवस्था को लेकर शहर के मुसलमानों की तरफ से धर्मगुरु मुफ्ती मोहम्मद हुज़ैफा कासमी के नेतृत्व में मनपा प्रशासक व आयुक्त अजय वैद्य से एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका सत्कार किया.

ठाणे जिला जमीयत उलमा के संगठन के कोषाध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मोहम्मद हुजेफा कासमी के नेतृत्व में आज मनपा आयुक्त अजय वैद्य का अभिनंदन करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में आजमी नगर से पूर्व नगरसेवक वसीम अंसारी और इरफान अंसारी के साथ टीपू सुल्तान कमेटी के कुतुबुद्दीन खान, पूर्व नगरसेवक अबुलैस मोमिन, नसीम मुनवर अली खान आदि शामिल थे.



बात दे कि इस वर्ष बकरीद त्योहार के दौरान कुर्बानी केंद्रों को बढ़ाया गया था. कुर्बानी केंद्र की सफाई, कुर्बानी के समय उचित जल आपूर्ति, जगह पर कीटाणुनाशक का छिड़काव और डंपिंग ग्राउंड पर अच्छी व्यवस्था जैसे कार्य को लेकर मुसलमानों द्वारा आयुक्त का सम्मान किया गया.आयुक्त अजय वैद्य ने त्योहार के दौरान सुविधा प्रदान करने को अपनी ड्यूटी करार देते हुए लोगों का आभार माना और शहरवासियों से जनहित मुद्दों को सुलझाए जाने में मनपा का सहयोग किए जाने की अपील की.

ONBV फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ संजय गुप्ता के सहयोग से

## पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट द्वारा योग महोत्सव का आयोजन



**उल्हासनगर.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट द्वारा ओएनबीवी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ संजय गुप्ता के सहयोग से उल्हासनगर कैंप 1, गोल मैदान, पीस पार्क छत्री हॉल में शुक्रवार 21 जून को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक योग महोत्स्व का आयोजन किया गया था जहां दर्जनों लोगों ने साथ मिलकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के मुख्य पदाधिकारियों द्वारा संजय गुप्ता का स्वागत किया गया। साथ ही इस अवसर पर महेंद्र यादव, रुद्रमणि पांडे, अमित यादव, सुजीत मिश्रा,अनिल मिश्रा आदि योग प्रेमी उपस्थित थे। योग के महत्त्व पर बात करते हुए डॉ गुप्ता ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक जीवनशैली है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित करती है। रोजाना योग करने से न केवल हमारा शरीर मजबूत होता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी बना रहता है। इसलिए सभी को रोज कुछ समय योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए।

## एसएसटी कॉलेज में योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

### विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के एसएसटी कॉलेज में आंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई, आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र एवं जीवन फाउंडेशन के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएसटी कॉलेज के स्वयंसेवकों सहित अन्य कॉलेजों के एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक श्री.अनिल पडवळ उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में योग अपनाकर स्वस्थ रहने की अपील की। साथ ही आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र के संस्थापक डॉ. विजय कुकरेजा के मार्गदर्शन मे योगा प्रशिक्षक लुमा कुशवाहा ने आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए विभिन्न योग प्रदर्शन आयोजित किये जिन्हे विद्यार्थीयोने सफलता पूर्वक किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने नियमित योगाभ्यास करने का भी निश्चय लिया।



कार्यक्रम में एसएसटी कॉलेज के उप प्राचार्य एवं एनएसएस जिला समन्वयक प्रो.जीवन विचारे, उप प्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, कॉलेज के खेल निदेशक प्रो.राहुल अकुल और प्रो.पुष्कर पवार उपस्थित थे।

कार्यक्रम का आयोजन एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी,आईक्यूएसी समन्वयक डॉ.खुशबू पुरस्वानी, उप प्राचार्य और एनएसएस के ठाणे जिला समन्वयक प्रो.जीवन विचारे के मार्गदर्शन में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो.मयूर माथुर,प्रो. योगेश पाटिल,डॉ.सुवर्णा निकम और स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक किया।

## बड़े हीरो के साथ कंफर्टेबल नहीं थी ईशा कोप्पिकर

ईशा कोप्पिकर ने हाल ही में बॉलीवुड में अपने स्ट्रगलिंग फेज और चुनौतियों पर बात की। उन्होंने ये भी कहा कि बड़ी उम्र के हीरो के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस करने में उन्हें कितना अनकंफर्टेबल महसूस होता है। एक इंटरव्यू में ईशा ने कहा कि ऐसा करने पर उन्हें लगता था कि जैसे वो अपने पिता को गले लगा रही हैं।

सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में ईशा ने कहा, 'अपने से 30 या 20 साल बड़े हीरो के साथ काम करने में अनकंफर्टेबल लगता था । मैं भी जब फिल्मों में काम करती थी तो काफी असहज हो जाती थी। बड़े हीरो के साथ काम करने में पार्टनर या लवर को गले लगाने की फीलिंग नहीं आती बल्कि ऐसा लगता है जैसे आप अपने पिता को गले लगा रहे हो। मुझे तो ऐसा ही लगता था। मैं तब नई थी, मुझे लगता था फिल्मों में ऐसा ही होता होगा। फिर खुद को समझाती थी कि आपको अपने पार्ट पर फोकस करना चाहिए न कि किसी की उम्र पर।'

ईशा ने सीनियर एक्टर्स के यंग एक्ट्रेसेस के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस पर कहा, 'सीनियर एक्टर्स को समझना चाहिए कि अब वो कैसे दिखते हैं और फिर उसके मुताबिक रोल चुनने चाहिए। मैं उम्मीद करती हूं कि अब इसमें बदलाव हो क्योंकि ऑडियंस बेवकूफ नहीं है। मैंने थिएटर में ऑडियंस को कहते हुए सुना है, ये कितना बुड्ढा लग रहा है, घर पे बैठ, अपनी बेटी की उम्र की लड़की के साथ रोमांस कर रहा है। ऑडियंस बिंदास वो बात कहती है जो कि सच है। सोशल मीडिया की वजह से अब सबको सच पता चल जाता है।'



## योग दिवस कार्यक्रमों में निरंकारी भक्तों की उत्साहपूर्ण सह-भागिता

- ठाणे-डोंबिवली समेत मुंबई में 50 से भी अधिक स्थानों पर योगाभ्यास संपन्न

**ठाणे/डोंबिवली.** 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर आज 21 जून को संत निरंकारी मिशन की ओर से जहां पूरे भारतवर्ष में मिशन की अनेक शाखाओं में योग दिवस का आयोजन किया गया वहां ठाणे-डोंबिवली समेत मुंबई महानगर प्रदेश में 50 से भी अधिक स्थानों पर योगाभ्यास शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में निरंकारी भाई-बहन श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

बारीश का मौसम देखते हुए ये आयोजन विशेष रूप से संत निरंकारी सत्संग भवनों में किया गया. हर स्थान पर स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने योग की शिक्षा प्राप्त करते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करने की प्रेरणा प्राप्त की. सभी स्थानों पर सुबह 6 से 7 बजे तक इन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.



ठाणे के पांचपाखाडी, कलवा, वागले इस्टेट, भायंदर तथा डोंबिवली परिक्षेत्र में डोंबिवली, कल्याण, उल्हासनगर, भिवंडी, अंबरनाथ, बदलापुर, शहापुर एवं अन्य स्थानों समेत मुंबई के चेंबूर, नेवी नगर, वडाला, दादर, विलेपार्ले, गोरेगांव, मालाड, कांदिवली, बोरिवली, दहिसर, घाटकोपर, विक्रोली, भांडूप, मुलुंड आदि स्थानों के अतिरिक्त नवी मुंबई के सानपाडा, वाशी एवं ऐरोली (साठे नगर), खारघर, उरण आदि स्थानों पर भी योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया. कुल मिलाकर मुंबई महानगर परिक्षेत्र में 50 से भी अधिक स्थानों पर इन कार्यक्रमों का आयोजन हुआ.

उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों में संत निरंकारी मिशन निरंतर अपना सक्रिय योगदान दे रहा है. इस वर्ष 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' को सम्मुख रखते हुए मिशन द्वारा पुरुषों के साथ साथ महिला श्रद्धालुओं को भी योग शिविरों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप महिलाओं ने इन शिविरों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया.

### आम सूचना

मैं श्री विनोद वाशदेव कुकरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 106, 1ला माला, शिव पार्वती मार्केट, रुम नं. 8,9,10, बैरक नं. 457, सामने चरणदास अपार्टमेंट, नगर न्यूज प्रेस के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय018337500) उक्त प्रॉपर्टी श्री वासुदेव जयरामदास कुकरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.1.2024 सी.नं. 35 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विनोद वाशदेव कुकरेजा**

### आम सूचना

मैं श्री आसिफ मौला शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि टीजी, रूम, कमला नेहरू नगर, आर के पांडे बिल्डिंग के पीछे, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 04एओ014304600) उक्त प्रॉपर्टी श्री शहाबुद्दीन कासीम शेख के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.6.2024 सी.नं. 3023/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री आसिफ मौला शेख**

उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099